जांच ▶ नप बनगवां में कलेक्टर का बड़ा एक्शन, कई फाइलें जब्त, मचा हड़कंप

# मुख्य द्वार बंद कर 2 घंटे तक चली जांच

**अनूपपुर, नवभारत 13 जून।** नगर परिषद बनगवा में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली बिना पूर्व सूचना के औचक निरीक्षण के लिए परिषद कार्यालय पहुंच गए। कलेक्टर के अचानक पहुंचने से पूरे कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

निरीक्षण के दौरान परिषद कार्यालय का मुख्य द्वार बंद कर करीब दो घंटे तक विभिन्न अभिलेखों और प्रशासनिक कार्यों की गहन जांच की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कलेक्टर ने हाजिरी रजिस्टर, वित्तीय दस्तावेज, निर्माण कार्यों से संबंधित फाइलें तथा अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों की बारीकी से जांच की। इस दौरान कई दस्तावेजों में प्रथम दृष्टया अनियमितताओं की आशंका सामने आने पर संबंधित फाइलों और अभिलेखों को जांच के लिए



अपने कब्जे में ले लिया गया।

### कर्मचारियों की उपस्थिति भी जांच के दायरे में

निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित कर्मचारियों की जानकारी भी तलब की गई। नियमित, संविदा और अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति का सत्यापन करते हुए अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर के सख्त तेवरों से कर्मचारियों में बेचैनी और चर्चा का माहौल बना रहा।

### अकाउंटेंट को लेकर भी जताई नाराजगी

सूत्रों के अनुसार निरीक्षण के दौरान परिषद के अकाउंटेंट एवं लेखपाल राजेश मिश्रा के कार्यों को लेकर भी कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। बताया जा रहा है कि उन्होंने मौखिक रूप से राजेश मिश्रा को सोमवार से डूडा में अटैच किए जाने की बात कही है। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है।

### लगातार शिकायतों के बीच हुई कार्रवाई

नगर परिषद बनगवा पिछले कुछ समय से निर्माण कार्यों, भुगतान प्रक्रियाओं, वित्तीय लेन-देन और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर लगातार चर्चा में रही है। विभिन्न शिकायतों के बीच कलेक्टर का यह औचक निरीक्षण और फाइलों की जब्ती कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े कर रहा है।

### नगर में चर्चा का दौर तेज

कलेक्टर की कार्रवाई के बाद नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म है। आमजन के बीच यह सवाल उठ रहा है कि आखिर किन फाइलों में ऐसी अनियमितताओं की आशंका मिली, जिनके चलते उन्हें तत्काल जब्त करना पड़ा। लोगों की निगाहें अब जांच की अगली कार्रवाई और प्रशासन द्वारा लिए जाने वाले संभावित निर्णयों पर टिकी हुई हैं।

## दिगंबर जैन महिला परिषद् का स्नेह मिलन समारोह

**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद लार्डगंज शाखा के द्वारा स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। अध्यक्ष मीना बड़कुल ने सभा प्रारंभ की घोषणा की । दीप प्रज्ज्वलित डॉ कुसुम एवं विजयलक्ष्मी द्वारा किया गया। मंगलाचरण भानुप्रिया, स्वागत नृत्य दीप्ति छत्रपति, ने प्रस्तुत किया। जल संरक्षण पर हास्य नाटिका संभाग अध्यक्ष संध्या जैन शांत प्रांतीय उपाध्यक्ष, निशा चौधरी , दीप्ति पंकज , के द्वारा की गई ।इस नाटिका का निर्देशन रानी जैन ने किया। इस मौके पर सभी बहनों का स्वागत सचिव संजना , रिचा, सुशीला नेता ने किया। सरप्राइज गेम मनी जैन सुषमा पार्षद द्वारा खिलाए गए। प्रतिभा ,आशा ,द्वारा मनोरंजन गेम खिलाए गए तथा विजेताओं को पुरस्कार दिए गए । आयोजक समिति द्वारा सभी बहनों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉक्टर संध्या , राजकुमारी, पुष्पा , उषा, चंद्रप्रभा ,साधना, मंजू, सहित सभी सदस्यों की उपस्थिति सराहनीय रही।



# सड़क हादसे में 3 की मौत, दो घायल

**अनूपपुर नवभारत 13 जून।** जिले के राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र में शनिवार को दो अलग-अलग सड़क हादसे में 3 लोगों की मृत्यु हो गई हैं, जबकि 2 घायलों का इलाज जारी हैं।

जानकारी अनुसार शनिवार की दोपहर राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम मौहारी परसेलखर्द निवासी 28 वर्षीय राम सिंह की बाइक किरर के जंगल में अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कुछ लोगो देखकर सूचना पर मौके पर पुलिस ने पंचनामा बना पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौप कर जांच की कार्यवाई प्रारंभ कर दी।

### कार चालक वाहन से नियंत्रण खो दिया

दूसरी घटना राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम कार सवार 4 लोग राजेंद्रग्राम से अपने गृह ग्राम बंहनी जा रहे थे तभी कारीमाट जंगल मोड में तिवारीटोला के समीप स्थित तीखे मोड़ पर कार चालक वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे कार सड़क छोड़कर सीधे खेत में जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए है।

### मृतकों में दो सगे भाई शामिल

घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ़ पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान एक अन्य घायल ने भी दम तोड़ दिया है। वर्तमान में दो घायलों का इलाज जारी हैं। मृतकों में 29 वर्षीय नर्मदा प्रसाद कनौजिया एवं 25 वर्षीय सोनू कनौजिया दोनों के सगे भाई थे। थाना प्रभारी राजेंद्रग्राम पीसी कोल ने बताया कि सड़क दुघर्टना में 3 की मृत्यु हो गई हैं।

# 98 लाख की लागत से बनेगी पीसीसी सड़क

**डोला-बिजुरी मार्ग का राज्यमंत्री जायसवाल ने किया गया भूमिपूजन**

**कोतमा, नवभारत 13 जून।** क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग शनिवार को पूरी होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा, जब डोला-बिजुरी मार्ग के पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन मध्यप्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल एवं एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के महाप्रबंधक मनोज बिश्नोई की उपस्थिति में संपन्न हुआ। डोला-बिजुरी मार्ग लंबे समय से जर्जर स्थिति में था। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों के कारण क्षेत्रवासियों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़



रहा था। सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने कई बार आंदोलन किए और एसईसीएल के वाहनों को रोककर चक्काजाम तक किया। लगातार उठ रही मांग और जनभावनाओं को देखते हुए मंत्री दिलीप जायसवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हसदेव क्षेत्र के महाप्रबंधक मनोज बिश्नोई से चर्चा कर सड़क निर्माण के लिए आवश्यक पहल की।

# 119 उद्यमों का हो चुका पंजीयन, लक्ष्य 1,278 का

**अनूपपुर, नवभारत 13 जून।** जिले में स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित उद्यमों को नई पहचान दिलाने और उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष एमएसएमई पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है। जिला कलेक्टर हर्षल पंचोली के नेतृत्व तथा जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में आजीविका मिशन एवं उद्योग विभाग के संयुक्त प्रयास से यह अभियान संचालित किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा सेवा, विनिर्माण और व्यापार से जुड़े अनेक सफल उद्यम संचालित किए जा रहे हैं। इन उद्यमों को



सशक्त बनाने तथा सरकारी योजनाओं एवं वित्तीय सहायता का लाभ दिलाने के लिए शासन द्वारा जिले को 1,278 उद्यमों के पंजीयन का लक्ष्य प्रदान किया गया है।

### चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार की गई

जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन शशांक प्रताप सिंह ने बताया कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार की गई है। प्रथम चरण में 10 से 16 जून तक विकासखंड स्तर पर 88 उद्यम सखियों एवं आजीविका सखियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी और पुष्पराजगढ़ विकासखंडों में 58 सखियों का प्रशिक्षण पूर्ण कराया जा चुका है।

# आकाश बने सहायक प्राध्यापक क्षेत्र में हर्ष का माहौल

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के संजय नगर निवासी आकाश सोनी पुत्र स्वर्गीय अशोक सोनी का मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक (भूगोल) परीक्षा-2024 की चयन सूची में चयन होने पर क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर परिवारजनों, मित्रों, शुभचिंतकों तथा नगरवासियों ने उनका सम्मान करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। आकाश सोनी ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन एवं निरंतर अध्ययन के बल पर यह सफलता अर्जित



की है। उनके चयन से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे अनूपपुर जिले का गौरव बढ़ा है। उनकी उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनकर सामने आई है, जो यह संदेश देती है कि दृढ़ संकल्प, समर्पण और सतत प्रयास के माध्यम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

**एक नजर में**

## आदिवासी हितों की हो रही अनदेखी : श्रीधर शर्मा

**अनूपपुर, नवभारत 13 जून।** जिले में आदिवासी परिवारों के झोपड़ों एवं उनके द्वारा वर्षों की मेहनत से तैयार की गई बगिया पर बुल्डोजर चलाए जाने की घटना को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव श्रीधर शर्मा ने इस मामले को लेकर सत्तारूढ़ दल के आदिवासी जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम पर निशाना साधते हुए आदिवासी हितों की अनदेखी का आरोप लगाया है। जारी बयान में श्रीधर शर्मा ने कहा कि आदिवासी परिवारों के आशियाने और उनकी मेहनत से विकसित की गई सिंचित बगिया पर बुल्डोजर चलाया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं संवेदनहीन कार्रवाई है।



**प्रभावित परिवारों का हुआ भारी नुकसान**-उन्होंने कहा कि वर्षों से वृक्षों को सींचकर तैयार की गई बगिया और परिवारों के आश्रय स्थल को प्रशासनिक कार्रवाई के नाम पर उजाड़ दिया गया, जिससे प्रभावित परिवारों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि प्रभावित आदिवासी परिवारों को उचित न्याय, राहत एवं मुआवजा प्रदान किया जाए तथा मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए।



## सिंहस्थ प्रशिक्षण में 34 अधिकारी-कर्मचारी हुए प्रशिक्षित

**अनूपपुर, नवभारत।** आगामी सिंहस्थ-2028 महापर्व के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन की तैयारियों के तहत पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस लाइन अनूपपुर में आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय बैच का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह प्रशिक्षण 8 जून से संचालित किया जा रहा था, जिसमें जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) एवं होमगार्ड के कुल 34 अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। समापन अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन में अनुशासन, सेवा भावना, संवेदनशीलता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सिंहस्थ महापर्व से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण पर बैठक आयोजित

**अनूपपुर, नवभारत।** स्थानीय निर्वाचन मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश पुरी ने की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री पुरी ने आगामी निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में मतदाता सूची की शुद्धता सबसे महत्वपूर्ण आधार है और इसके लिए प्रशासनिक अमला पूरी प्रतिबद्धता के साथ जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा है। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक मजबूत एवं पारदर्शी बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की।

# मेडिकल टीम की तत्परता से बची जच्चा-बच्चा की जान

**हाई रिस्क गर्भवती महिला जिला अस्पताल में भर्ती**

**अनूपपुर, नवभारत 13 जून।** जनपद अनूपपुर की ग्राम पंचायत बदरा में आयोजित जनकल्याण शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की सतर्कता और संवेदनशील पहल से एक हाई रिस्क गर्भवती महिला को समय रहते जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार शिविर के दौरान मैदानी अमले को ऐसी गर्भवती महिला के संबंध में सूचना मिली, जो लगातार आग्रह के बावजूद स्वास्थ्य परीक्षण कराने से इंकार कर रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत



के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा एवं नियमित निगरानी संबंधी दिए गए निर्देशों के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने तत्काल कार्रवाई की।

### विशेषज्ञ मेडिकल टीम महिला के घर पहुंची

सीएमएचओ के नेतृत्व में विशेषज्ञ मेडिकल टीम महिला के घर पहुंची और उसकी स्वास्थ्य स्थिति का परीक्षण किया। टीम ने महिला एवं उसके परिजनों को स्वास्थ्य जांच नहीं कराने से उत्पन्न होने वाले संभावित खतरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर की गई जांच में महिला हाई रिस्क श्रेणी में पाई गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने परिजनों को जच्चा-बच्चा दोनों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले जोखिमों से अवगत कराया।

# सीईओ ने दिए गौशाला प्रबंधन सुधारने के निर्देश

**अनूपपुर, नवभारत 13 जून।** जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने जनपद अनूपपुर के ग्राम पंचायत खोडरी नंबर-2 तथा सोहीबेलहा क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न विकास एवं ग्रामीण आजीविका कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण, खेत तालाब निर्माण एवं गौशाला संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने ग्राम पंचायत खोडरी नंबर-2 कार्यालय परिसर में उद्यान पाथवे की गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए। साथ ही परिसर को आकर्षक एवं हरित बनाने के लिए फलदार, छायादार तथा फूलदार पौधों का व्यापक पौधारोपण कर सुव्यवस्थित उद्यान



विकसित करने को कहा।

### काजू के पौधों का निरीक्षण किया

उन्होंने ग्राम कुरकुटी टोला स्थित पुराने प्राथमिक विद्यालय परिसर में लगाए गए काजू के पौधों का निरीक्षण किया तथा जहां पौधे नष्ट हो गए हैं वहां गैप फिलिंग करने के निर्देश दिए। सीईओ ने कहा कि पौधों की सुरक्षा के साथ-साथ उन्हें समय-समय पर पर्याप्त खाद एवं पानी उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत खोडरी नंबर-2 में हितग्राही मदन मोहन सिंह मार्को के खेत तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। भ्रमण के दौरान सीईओ ने शासकीय सामुदायिक गौशाला सोहीबेलहा के ग्राम डडईबहरा का भी निरीक्षण किया।

## बैंक ऑफ इंडिया ने तय किया व्यवसाय वृद्धि रोडमैप

**नवभारत, जबलपुर।** बैंक ऑफ इंडिया के जबलपुर अंचल ने चालू वित्तीय वर्ष में व्यवसाय विस्तार और ग्राहक सेवा को नई गति देने के लिए रणनीति तैयार की है। इस संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक में अंचल की 52 शाखाओं के प्रमुखों ने भाग लिया। बैठक में एफजीएमओ भोपाल के फील्ड महाप्रबंधक संजय श्रीवास्तव और आंचलिक प्रबंधक रमेश कुमार ने शाखाओं के प्रदर्शन का आकलन किया।

# सफाई कर जल स्रोतों के संरक्षण का लिया गया संकल्प

**जमुना कोतमा, 12 जून।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तृतीय चरण अंतर्गत 'बावड़ी उत्सव कार्यक्रम' के तहत शुक्रवार को जैतहरी विकासखंड के सेक्टर क्रमांक-03 स्थित ग्राम बैहार में विशेष स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों एवं जन अभियान परिषद के



कार्यकर्ताओं ने बावड़ी नुमा प्राकृतिक जल स्रोत की साफ-सफाई कर जल संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि 5 जून से 30 जून तक जिलेभर में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में ग्राम बैहार स्थित उस प्राकृतिक जल स्रोत को चयनित किया गया, जहां वर्षभर पानी उपलब्ध रहता है और जो ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण जल स्रोत के रूप में जाना जाता है।

शिविर ▶ राज्यमंत्री जायसवाल की उपस्थिति में जनकल्याण शिविर आयोजित

# योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना प्राथमिकता




**अनूपपुर, नवभारत।** जनपद कोतमा के ग्राम कोठी में शुक्रवार को जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित विशेष अभियानों का उल्लेख करते हुए नागरिकों से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण और उसके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की।

### पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का जिक्र करते हुए उन्होंने ग्रामीणों से नदियों, तालाबों और अन्य जल स्रोतों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। साथ ही जल संरचनाओं की नियमित साफ-सफाई एवं रखरखाव पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना सरकार की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल है।

### कुल 44 आवेदन प्रस्तुत किए गए

शिविर में नामांतरण, फौती नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, आयुष्मान भारत कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन पात्रता पर्ची, मुख्यमंत्री संबल योजना, छात्रवृत्ति सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। ग्रामीणों द्वारा विभिन्न समस्याओं एवं योजनाओं के लाभ हेतु कुल 44 आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिनके समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए गए।



# 18 बैलों को किया गया मुक्त तीन तस्करों पर मामला दर्ज

**कोतमा में पशु तस्करी पर पुलिस का बड़ा एक्शन**

**कोतमा नवभारत 13 जून।** क्षेत्र में अवैध पशु तस्करी के खिलाफ पुलिस ने शनिवार को एक बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस ने क्रूरतापूर्वक ले जाए जा रहे 18 बैलों को मुक्त कराते हुए तीन आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता एवं पशु परीक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। इस कार्यवाही से क्षेत्र के पशु तस्करों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह आरोपी लपटा गांव से 18 बैल पैदल हांककर कोतमा की ओर ला रहे थे। जब स्थानीय नागरिकों ने पशुओं की यह दयनीय स्थिति देखी, तो उन्होंने सजगता दिखाते हुए तुरंत पुलिस को मामले की सूचना दी।

### पुरानी रसीद दिखाकर बचने का प्रयास असफल

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर पशुओं को मुक्त कराया। मौके पर पशुओं को हांककर ले जा रहे मुख्य आरोपी जयपाल केवट ने पुलिस को बचने के लिए एक रसीद दिखाई, जो कि एक महीना पुरानी थी। जांच के बाद पुलिस ने इस रसीद को अमान्य (रिजेक्ट) कर दिया। पुलिस ने मामले में नामजद आरोपी पप्पू राठौर, जयपाल केवट एवं एक अन्य आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में हड़कंप

विदित हो कि कोतमा के लहसूई और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लंबे समय से बड़े स्तर पर पशुओं की अवैध तस्करी की शिकायतें आती रही हैं। इससे पहले भी पुलिस ने अभियान चलाकर कई प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की थीं। शनिवार को हुई इस ताजा कार्यवाही के बाद से क्षेत्र के पशु तस्करों और माफिया में हड़कंप का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही की सराहना की है।